# 5वीं बार आईएसबीटी के टेंडर में दो कंपनियों ने रुचि ली

▶ सौ करोड़ के बस स्टैंड को संचालित करने की कवायद

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में आईडीए ने एमआर 10 सड़क पर सौ करोड़ रुपए के लागत से आईएसबीटी का निर्माण किया है. उक्त आईएसबीटी के रखरखाव और संधारण के आईडीए ने 5वीं बार टेंडर निकाले हैं. इस बार दो कंपनियों ने रुचि ली है. इसके पहले चौथी बार टेंडर में तीन कंपनियों ने रुचि ली थी. खास बात यह है कि अभी तकनीकी परीक्षण के टेंडर खोले हैं. आर्थिक स्थिति को लेकर टेंडर खुलना बाकी है.

आईडीए ने आईएसबीटी के पांचवी बार टेंडर निकाले थे, जिसमें शर्तो में बहुत संशोधन किए गए थे. 10 मार्च टेंडर भरने के अंतिम तारीख थी. आईडीए ने पांचवी बार के टेंडर में 20 साल की लीज और 5 साल का एक्सटेंशन देने, 10 करोड़ रूपए सिक्युरिटी डिपाजित, टेंडर में न्यूनतम 4 करोड़ रुपए और उस पर राशि का 1 प्रतिशत प्रति माह लीज रेंट, आवेदन में 10 लाख रुपए प्रतिभूति राशि जमा करने की शर्त रखी थी. साथ ही टेंडर में एक प्रतिशत लीज रेंट में हर साल 5 प्रतिशत राशि बढ़ोतरी की शर्त भी शामिल है. आईडीए द्वारा इस बार टेंडर में शर्त में बदलाव करने के बैक 2 कंपनियों ने टेंडर जमा किया है. दो कंपनियों ने एमआर 10 स्थित आईएसबीटी लीज टेंडर में इंदौर की कॉमथेन सिक्युरिटी सर्विसेज और डीवीजी इंडिया लिमिटेड पुणे ने भाग लिया है. दोनों कंपनियों के टेंडर 25 मार्च को तकनीकी परीक्षण के लिए खोले गए, जिसका आईडीए के इंजीनियर परीक्षण कर रहे है. तकनीकी परीक्षण में खरा उतरने कर बाद ही आर्थिक बोली पर चर्चा होगी,



### दुकानों, रेस्टोरेंट और ऑफिस की जगह उपलब्ध

ध्यान रहे कि आईडीए ने 100 करोड़ की लागत से एमआर-10 कुमेड़ी में 15 एकड़ जमीन पर आईएसबीटी का निर्माण किया है. आईडीए ने पूर्णत: वातानुकूलित भव्य बस स्टैंड बनाया है. बस स्टैंड से एक दिन में 1440 बसों का आवागमन हो सकता है. बसों और उनके ड्राइवर कंडक्टर के ठहरने से लेकर रेस्त्रां तक की व्यवस्था की गई है. 40 से ज्यादा टर्मिनल और मेट्रो से कनेक्टिविटी तक दी गई है. साथ ही बस स्टेंड पर 38 दुकानें, 16 रेस्टोरेंट की जगह और पहली मंजिल पर 25 से ज्यादा कंपनियों के ऑफिस संचालित करने की जगह भी है.

# डेली कॉलेज केस में आरोपियों की जमानत खारिज, बढ़ी कानूनी मुश्किलें

▶ फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म केस में शिकंजा कसा

▶ डेली कॉलेज आरोपियों को राहत नहीं

नवभारत न्यूज

**इंदौर. प्रतिष्ठित डेली कॉलेज से जुड़े बहुचर्चित मामले में आरोपियों को बड़ा झटका लगा है. जिला एवं सत्र न्यायालय, इंदौर ने संदीप पारेख, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है.**

केस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 10 अप्रैल 2026 को आदेश पारित किया और आरोपियों को किसी भी प्रकार की अग्रिम राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट के इस फैसले से साफ है कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सख्त रुख अपनाया गया है.

### क्या है पूरा मामला?

डेली कॉलेज प्रबंधन ने संदीप पारेख, अनुराग जैन, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. आरोप है कि इन लोगों ने वाइस ऑफ डी सी से फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चलाकर संस्थान की छवि को नुकसान पहुंचाया. शिकायत के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म के जरिए भ्रामक जानकारी फैलाने, जनमानस को गुमराह करने और शिक्षकों व संस्था को आपत्तिजनक तरीके से प्रस्तुत करने की साजिश रची गई.

**कानूनी शिकंजा कसा**-अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब आरोपियों पर कानूनी दबाव और बढ़ गया है, जिससे मामले में आगे की कार्रवाई तेज होने की संभावना है.

## एक नजर में

### इंदौर व्यापार महोत्सव में साबु ट्रेड की विशेष उपस्थिति

**इंदौर.** साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम द्वारा कल और परसों, यानी 11 और 12 अप्रैल को, इंदौर में माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव में सहभागिता की जा रही है. आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों तक अपने समस्त लोकप्रिय उत्पादों की पहुँच को सहज और सुलभ बनाने के उद्देश्य से कंपनी इस महोत्सव में 'सुपर प्रीमियम स्टाल नंबर 7' पर उपस्थित रहेगी. इस अवसर पर कंपनी अपने आगामी विशेष पोषक फरियाली उत्पाद सच्चासाबु न्यूट्रीदाना के प्री-लॉन्च सैंपल भी आगंतुकों को सप्रेम भेंट करेगी. साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम के चेयरमैन गोपाल साबु ने बताया कि आज साबु ट्रेड के समस्त उत्पाद, जैसे सच्चासाबु एगमार्क साबूदाना, साबु एवं खिचिया पापड़, अल्पाहार एगमार्क हल्दी पाउडर, नारियल बूरा, मखाना और कुकरीजॉकी प्रीमियम क्वालिटी की पांच तरह की मिलेट्स, हर घर की पहली पसंद बन चुके हैं. पिछले चालीस से भी अधिक वर्षों से कंपनी का मुख्य ध्येय अपनी गुणवत्ता से कोई समझौता न करना और ग्राहकों को सदैव श्रेष्ठतम वस्तुएं प्रदान कर रहा है. श्री साबु ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि दो दिवसीय व्यापार महोत्सव के पहले दिन सच्चासाबु एगमार्क साबूदाना से तैयार लाजवाब फरियाली खिचड़ी और दूसरे दिन कुकरीजॉकी मोरधान (भगर) से बनी खिचड़ी का स्वाद चखाया जाएगा.

### एक्सिस बैंक ने एफएचआरएआई के साथ की साझेदारी

**इंदौर.** एक्सिस बैंक ने देश के हॉस्पिटैलिटी उद्योग के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. दोनों संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत एक्सिस बैंक को एफएचआरएआई के देशभर में फैले सदस्य नेटवर्क के साथ अधिक करीब से काम करने का अवसर मिलेगा. इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए एक्सिस बैंक के कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रमुख विजय शेट्टी ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में आय बढ़ने, घरेलू पर्यटन में वृद्धि, सरकारी पहलों और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण लगातार मांग बनी हुई है. एफएचआरएआई के साथ यह साझेदारी उद्योग के साथ अधिक प्रभावी जुड़ाव और क्षेत्र के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. वहीं, एक्सिस बैंक के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं रीजनल ब्रांच बैंकिंग हेड (नॉर्थ-3) श्रीकेश पी ने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश में होटल, बैंक्वेट ऑपरेटर, कैटरर्स और अन्य संबंधित व्यवसायों के लिए यह सेक्टर काफी संभावनाओं वाला है। एफएचआरएआई के साथ यह सहयोग इन व्यवसायों के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करेगा.

### सप्त गौमाता मंदिर में पूजा-अर्चना



**इन्दौर.** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, मध्य भारत अग्रवाल सभा एवं संयोगितागंज अग्रवाल सभा सहित विभिन्न अग्रवाल संगठनों और स्नेह नगर रहवासी संघ के प्रमुख रमेश गुप्ता पीठेवाले ने शुक्रवार को अपने परिजनों सहित वैशाख शुक्ल अष्टमी के उपलक्ष्य में केशरबाग रोड स्थित अहिल्यामाता गौशाला पहुंचकर सप्त गौमाता मंदिर में लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना कर पं. मुकेश शास्त्री ने निर्देशन में गौसेवा की। शनिवार को शाम 6 बजे से माहेश्वरी मांगलिक भवन पर खाटू श्याम भजन संध्या का दिव्य आयोजन भी रखा गया है. इस अवसर पर समाजसेवी शैलेन्द्र गुप्ता आयोजन, भगवान गुप्ता, दीपक गुप्ता मोंटी, हेमंत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजन भी मौजूद थे. गौशाला प्रबंध समिति के संयोजक सीके अग्रवाल एवं अन्य सहयोगी बंधुओं ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर अनेक गौभक्तों ने ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों की सेवा का संकल्प लेते हुए गौशाला में गौसेवा के साथ ही अपने घर-आंगन में दाना-पानी के सकोरे रखने का संकल्प भी व्यक्त किया. शनिवार को शाम 6 बजे से एबी रोड, चिड़ियाघर के सामने स्थित माहेश्वरी मांगलिक भवन पर खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है जिसमें प्रख्यात भजन गायक मोहित जैन, यश शर्मा और पीयूष भावसार अपने साथियों सहित अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे. कार्यक्रम संयोजक मोंटी गुप्ता ने बताया कि खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाकर 56 भोग एवं अखंड ज्योत के दर्शन भी होंगे.

### मजबूत और दर्द-मुक्त गर्दन के लिए छोटे बदलाव

**इंदौर.** गर्दन और ऊपरी पीठ में दर्द आजकल भारत में एक आम स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है. लंबे समय तक कंप्यूटर और मोबाइल फोन का उपयोग, गलत बैठने की आदत और निष्क्रिय जीवनशैली सर्वाइकल स्पाइन (रीढ़ की ऊपरी नाजुक हड्डी) पर अतिरिक्त दबाव डाल रही है, जो सिर को सहारा देती है और उसकी गतिशीलता बनाए रखती है. पिछले कुछ वर्षों में डॉक्टरों ने कामकाजी लोगों और यहां तक कि किशोरों में भी गर्दन से जुड़ी समस्याओं में लगातार वृद्धि देखी है. डॉ. प्रणव घोडगांवकर, एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, लीड कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर कहते हैं, अक्सर हमें यह एहसास नहीं होता कि हम अपनी गर्दन पर कितना दबाव डालते हैं, जब तक दर्द शुरू नहीं हो जाता. सिर का वजन लगभग 4 से 5 किलोग्राम होता है, और जब यह थोड़ा भी आगे की ओर झुकता है, तो सर्वाइकल स्पाइन पर पड़ने वाला भार कई गुना बढ़ जाता है. समय के साथ यह लगातार दबाव मांसपेशियों की थकान, डिस्क के घिसाव और नसों में जलन का कारण बन सकता है. न्यूट्रल पोश्चर बनाए रखना, नियमित अंतराल पर ब्रेक लेना और गर्दन के सरल व्यायाम करना सर्वाइकल स्पाइन के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है. रोकथाम इलाज से कहीं अधिक प्रभावी है.

### नेटफ्लिक्स की स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी' 1 मई को रिलीज होगी

**इंदौर.** नेटफ्लिक्स पर 1 मई को ग्लोरी का प्रीमियर हो रहा है. यह अपनी तरह की पहली स्पोर्ट्स थ्रिलर है, जिसकी कहानी बदले, महत्वाकांक्षा और मर्डर मिस्ट्री तथा बिखरे हुए परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है. इस सीरीज़ में बॉक्सिंग की दुनिया की कठोरता, जोखिम और क्रूरता दिखाई गई है. यह कहानी हरियाणा से शुरू होती है, जहाँ बॉक्सिंग में भारत को ओलिंपिक मैडल दिलाने की उम्मीद, निहाल सिंह की रहस्यमयी मौत हो जाती है. क्रोध और महत्वाकांक्षा के टकराव में बदले की हावी होती भावना के साथ ग्लोरी की कहानी रिश्तों के कमजोर धागों, सत्ता और धोखेबाजी की पड़ताल करती है, जिसमें ग्लोरी की लड़ाई उतनी ही व्यक्तिगत भी है, जितनी खतरनाक. इस कहानी में दिव्येंदु, पुलकित सम्राट, सुविंदर विकी, जन्नत जुबैर, आशुतोष राणा, सिकंदर खेर, कुणाल ठाकुर, सयानी गुप्ता, यशपाल शर्मा और कश्मीरा परदेसी ने मुख्य भूमिका निभाई हैं.

# एनीमिया मुक्त समाज ही सशक्त एवं समृद्ध भारत की सुदृढ़ नींव : डॉ. द्विवेदी

▶ विश्व होम्योपैथी दिवस पर शिलांग में आयोजित कार्यक्रम



**इंदौर।** शिलांग नार्थ ईस्टर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी उपस्थित रहे.

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा में वाइटल फोर्स (जीवनी शक्ति) को तो विस्तार से पढ़ाया जाता है, किंतु वाइटल फ्लुइड अर्थात् रक्त के महत्व को समान रूप से महत्व नहीं दिया जाता. उन्होंने स्पष्ट किया कि रक्त के बिना जीवन संभव नहीं है. हीमोग्लोबिन शरीर में ऑक्सीजन, पोषण एवं हार्मोन का वहन करता है. शरीर में रक्त की पर्याप्त मात्रा एवं शुद्धता स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है. डॉ. द्विवेदी ने अपने संबोधन में कैंसर के बाद उत्पन्न पैनसाइटोपीनिया एवं अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धजनों के सफल उपचारों की केस-सीरीज़ पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि समर्पित एवं कारण-आधारित चिकित्सा से जटिल रोगों में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं. खून बढ़ेगा तो कार्यक्षमता बढ़ेगी, और एनीमिया मुक्त समाज ही सशक्त एवं समृद्ध भारत की सुदृढ़ नींव है.

कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार (प्रभारी निदेशक) ने बताया कि यह संस्थान आयुष मंत्रालय का एक विशिष्ट केंद्र है, जहाँ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी दोनों चिकित्सा पद्धतियाँ एक ही भवन में उपलब्ध हैं. इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी को शाल एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया. उप-निदेशक ए. वनसाई शाइनरेट ने संस्थान में आधुनिक सुविधाओं के विकास हेतु डॉ. द्विवेदी के योगदान की सराहना की. प्राचार्य डॉ बी पी खाइन ने आभार माना.

# एसजीएसआईटीएस में छात्रों ने किया प्रदर्शन

▶ फीस और सफाई को लेकर प्रशासन पर सवाल

▶ फीस आसमान पर, सुविधाएं जमीन पर



नवभारत न्यूज

**इंदौर. एसजीएसआईटीएस का कैंपस शुक्रवार को शुभम सिंह दरबार के नेतृत्व में एन एस यू आई एस जी एस आई टी एस कॉलेज इंदौर में लगातार हो रही अनियमित फीस वृद्धि के विरोध में धरना प्रदर्शन कर महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया. इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए एनएसयूआई द्वारा तत्काल समाधान की मांग की गई.**

एनएसयूआई के बैनर तले जुटे छात्रों ने प्रशासनिक भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया. गुस्सा सिर्फ फीस को लेकर नहीं था- यह नाराज़गी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का विस्फोट थी.

**क्यों भड़का छात्रों का आक्रोश-** एक एडमिशन लेटर से, जिसमें फीस 68,000 रुपए लिखी थी. आज हाल यह है कि प्रति सेमेस्टर करीब 1,05,000 फीस ली जा रही है. छात्रों का कहना है कि यह बढ़ोतरी सिर्फ ज्यादा नहीं, बल्कि असंगत है.



फीस का गणित जो समझ से बाहर गेम्स/अन्य शुल्क 250-10,000 ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट 1,000-5,000 अन्य कुल शुल्क 12,650-31,900 यानी कई मदों में 400% तक बढ़ोतरी लेकिन सुविधाएं वहीं की वहीं।

### जब हकीकत सामने आई...

छात्रों का आरोप है कि इतनी भारी फीस देने के बावजूद कैंपस में साफ-सफाई की हालत खराब है. टॉयलेट्स की नियमित सफाई नहीं होती. छात्राओं के वॉशरूम के गेट जर्जर हालत में हैं. बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पुराने और टूटे-फूटे हैं. जरूरी उपकरणों की भी कमी है. यानी फीस प्रीमियम, लेकिन सुविधाएं बेसिक भी नहीं.

**प्रशासन को करना पड़ा हस्तक्षेप**-गुस्साए छात्रों ने प्रशासनिक ब्लॉक का घेराव किया, नारेबाजी की और जवाब मांगा. स्थिति को संभालने के लिए कैंपस में पुलिस बल तैनात करना पड़ा. कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण बना रहा. लंबे समय तक चले इस आंदोलन में जब बात नहीं बनी तो प्रशासन को बीच में आना पड़ा प्रशासन की और से फिर आपसी में बात बनी और मांगों को माना गया और फीस वृद्धि को रोकने और कम करने के लिए सहमती बनी. संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन एवं व्यापक धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी.

# आईडीए की मल्टी से हटाया लोगों का अनाधिकृत कब्जा

## 45 फ्लैट खाली कराए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए ने आज योजना 94 पूर्वी रिंग रोड पर स्थित मल्टी से 45 फ्लैट खाली कराने को कार्रवाई की. अभी मल्टी के दूसरे ब्लॉक के 35 फ्लैट और खाली कराए जाएंगे. आईडीए के उक्त इमारतों में खाली होने का गलत फायदा उठाते हुए अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रह रहे थे.**

आईडीए ने आज पूर्वी रिंग रोड पर मुसाखेडी स्थित बहुमंजिला इमारत में रह रहे अनाधिकृत लोगों से फ्लैट खाली करवाने को कार्रवाई की. आईडीए उक्त इमारत 12 साल पहले बनाई थी, जिसमें फ्लैट थे. खाली फ्लैट को देखकर लोगों ने ताले तोड़कर रहना शुरू कर दिया था. उक्त इमारतों में अधिकृत कब्जे की जानकारी सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े को मालूम पड़ी. इसके बाद सीईओ डॉ. झाड़े ने फ्लैट खाली करके कब्जा हटाने की कारवाई के निर्देश दिए थे. आज





### ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी

आईडीए सीईओ ने कहा कि आईडीए की संपत्तियों का इसी तरह ऑडिट कराया जाएगा. आईडीए के संपत्तियों से अनाधिकृत लोगों के कब्जे को हटाने की कार्रवाई चलती रहेगी. इस दौरान प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

रिंग रोड योजना 94 के सेक्टर एच में बनी बहुमंजिला इमारत के आईएफजी और एच ब्लॉक में अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रखे 45 फ्लैट खली करवाए गए. साथ उक्त इमारत के ए, बी, सी और डी ब्लॉक के 35 फ्लैट भी खाली करवाने की कार्रवाई की जाएगी. आईडीए द्वारा उक्त 80 फ्लैटों का नियमानुसार विक्रय किया जाएगा.



# नवश्रृंगारित कैरटलेन स्टोर का शुभारंभ

**इंदौर,** कैरटलेन ने अक्षय तृतीया के समय पर इंदौर केएबी रोड पर अपने स्टोर को अपग्रेड किया है. स्टोर का उद्घाटन एक पारंपरिक कोल ब्रेकिंग सेरेमनी के साथ किया गया. इस लॉन्च के मौके पर कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौमेन भौमिक, सोनिया वोरा, आदित्य वोरा, अन्य अतिथिगिण और ग्राहक भी मौजूद थे.

लॉन्च के बारे में कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौमेन भौमिक ने कहा एबी रोड पर हमारे अपग्रेड किए गए स्टोर का लॉन्च, मध्य भारत में प्रीमियम रिटेल को नए सिरे से परिभाषित करने की हमारी यात्रा में एक अहम पड़ाव है. इंदौर ने लक्ज़री और खास देखभाल के प्रति ज़बरदस्त उत्साह दिखाया है. ग्राहक इस नए स्टोर में जड़े हुए और बिना जड़े हुए डिज़ाइन का एक शानदार मेल देख पाएँगे, जिसमें ब्रांड के जाने-माने आइकॉनिक कलेक्शन जैसे बटरफ्लाय, आरण्या और ओंब्रे भी शामिल हैं. दिलचस्प आईपी सहयोगों के ज़रिए, ब्रांड उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है जो डिज्नी, हेरी पॉटर और पेप्पा पिग कलेक्शन के साथ पुरानी यादें ताज़ा करते हैं. स्टोर में लोकप्रिय ज्वेलरी सेगमेंट की एक विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध है, जैसे कि आधुनिक मंगलसूत्र, रोज़ाना पहनने वाली बालियाँ और डायमंड रिंग. कैरेटलेन 8,000 से ज़्यादा शानदार डिज़ाइनों के साथ हर उम्र और हर मौके की ज़रूरतों को पूरा करता है,. अभी, ग्राहक एक खास त्योहारी ऑफ़र का फ़ायदा उठा सकते हैं, जिसमें मेकिंग चार्ज पर सीधे 50% की छूट और सभी डायमंडज्वेलरी डिज़ाइनों में हीरों की कीमतों पर अतिरिक्त 15% की छूट मिल रही है.



# मोंट्रा इलेक्ट्रिक की ई-एससीवी डीलरशिप का उद्घाटन

**इंदौर.** मोंट्रा इलेक्ट्रिक, मुरुगप्पा ग्रुप की क्लीन मोबिलिटी ब्रांच ने मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी पहली इलेक्ट्रिक छोटी कमर्शियल गाड़ी (ई-एससीवी) डीलरशिप के उद्घाटन के साथ मध्य भारत में अपने विस्तार का दायरा बढ़ाया है. सांघी इलेक्ट्रिक द्वारा संचालित यह नई डीलरशिप मोंट्रा इलेक्ट्रिक एविएटर को प्रदर्शित करेगी, जो विशेष रूप से कमर्शियल उपयोगों के लिए डिज़ाइन की गई एक इलेक्ट्रिक छोटी कमर्शियल गाड़ी है.

लॉन्च के मौके पर, जलज गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोंट्रा इलेक्ट्रिक ने कहा कि मोंट्रा इलेक्ट्रिक में, हमारा फोकस एक ऐसा भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी इकोसिस्टम बनाने पर है जो मज़बूत प्रोडक्ट्स को एक भरोसेमंद नेटवर्क के साथ जोड़ता हो. इंदौर में हमारी पहली ई-एससीवी डीलरशिप का लॉन्च इस इकोसिस्टम को बढ़ाने और उभरते लॉजिस्टिक्स हब में अलग अलग कारोबारों को आत्मविश्वास के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ने में मदद करने की दिशा में एक कदम आगे है. साजू नायर, सीईओ, मोंट्रा इलेक्ट्रिक ई-एससीवी डिवीज़न ने कहा कि मध्य भारत, और खासकर इंदौर में, हम देख रहे हैं कि फ्लीट ऑपरेटर्स दूर-दराज से लेकर करीबी लोकेशन तक और इंट्रा-सिटी लॉजिस्टिक्स को लेकर अपना नज़रिया बदल रहे हैं. रोहित सांघी, डीलर प्रिंसिपल, सांघी इलेक्ट्रिक ने कहा कि मोंट्रा इलेक्ट्रिक के साथ, हमें पूरा भरोसा है कि हम एक ऐसा प्रोडक्ट ला रहे हैं जिस पर ग्राहक भरोसा कर सकते हैं, और जिसे एक मज़बूत सर्विस इकोसिस्टम का भी साथ मिला हुआ है.

## एक नजर में | फ्लो इंदौर का चेंज ऑफ गार्ड समारोह

# फेमिनिज्म दुनिया की एकमात्र क्रांति है, जिसमें खून नहीं बहा

**इंदौर. फ्लो इंदौर ने सस्टेनेबल टेक्सटाइल, महिलाओं को सशक्त बनाना, पारंपरिक हैंडलूम को फिर से जीवित करना और नैतिक-पर्यावरण-अनुकूल रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक चेंज ऑफ गार्ड समारोह आयोजित किया.**

समारोह में पूर्व चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने वंदना गुजराती को फ्लो इंदौर की बैटन सौंपी. सुश्री गुजराती, फ्लो इंदौर की नई चेयरपर्सन बन गई हैं. इस समारोह में नई वर्किंग कमेटी का भी स्वागत किया गया. समारोह में बीओजी चेयरमैन, महाराजा विक्रम सिंह पुआर और बीओजी धीरज लुल्ला भी मौजूद रहे. फ्लो इंदौर के रॉयल मेहमान के रूप में वडोदरा की महारानी, राधिकाराजे गायकवाड़ उपस्थित थी. वे भारत की हैंडलूम विरासत की समर्थक हैं. उनके साथ महाराज यशवंतराव होलकर और पद्मश्री सैली होलकर भी मौजूद थीं. सैली होलकर ने रेवा सोसाइटी की स्थापना की और माहेश्वरी हैंडलूम को फिर से जीवित किया. समारोह में वरिष्ठ पत्रकार नमिता देवीदयाल भी उपस्थित थीं. उन्होंने इन रॉयल मेहमानों से खास बातचीत की.



### हमें अपनी जड़ें पहचाननी होंगी

महारानी राधिकारजे ने हस्तशिल्प के बारे में चिंता जताई कि यह क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार देता है, फिर भी पीछे रह जाता है. महिलाएँ पीछे बहुत काम करती हैं, लेकिन बेटियों को यह हुनर सिखाया नहीं जाता. नई पीढ़ी इसे विरासत में लेने से मना कर देती है. हम डिजाइनरों के पीछे पागल हो गए हैं, शिल्प को भूल गए हैं. हमें अपनी जड़ें पहचाननी होंगी- कांजीवरम साडी को बनारसी से अलग पहचानना होगा. संस्कृति को निचली और मध्य वर्ग ही सबसे अच्छे तरीके से बचाए रखता है. समारोह के दौरान फिक्की फ्लो इंदौर चैप्टर, रेवा सोसाइटी और वीमेनवीव के बीच एक एमओयू साइन किया गया. इसका उद्देश्य माहेश्वर की हैंडलूम विरासत को बढ़ावा देना, अनुभव साझा करना और समुदाय-आधारित विकास करना है.

कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ ने बातचीत के दौरान महारानी ने बहुत सहजता से अपनी जिंदगी के अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि वे पहले इंडियन एक्सप्रेस में पत्रकार थीं. राजघराने और सामान्य जिंदगी को संतुलित करना उनके लिए बिल्कुल स्वाभाविक था. ससुराल वालों का पूरा सहयोग मिला. बच्चों को पालते हुए उन्होंने महसूस किया कि भारत के अंदर भी बहुत सारे भारत हैं. परंपराओं के बारे में उन्होंने कहा जो महिलाओं को सशक्त बनाता है, उसे रखो. जो नहीं बनाता, उसे छोड़ दो. अब हमारे बराबरी के अधिकार हैं, इसलिए अपनी पहचान खुद बनाओ. फेमिनिज्म पर उन्होंने कहा, यह हर रिश्ते और समाज के हर स्तर पर लागू होना चाहिए- दलित फेमिनिज्म भी. फेमिनिज्म दुनिया की एकमात्र क्रांति है, जिसमें कोई खून नहीं बहा. जब कोई महिला खड़ी होती है, तो वह अपने बच्चों और पूरे समुदाय के लिए खड़ी होती है.